CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 303 | बिजौलिया - मंगलवार, 12 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## राजस्थान में मूल निवास के नए नियम लागू

### किरायेदारों, सरकारी कर्मचारियों और बाहरी राज्यों की बहुओं को भी मिलेगा लाभ

### अब दो जिम्मेदार लोगों की सिफारिश और शपथ-पत्र होगा जरूरी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान सरकार ने मूल निवास प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव करते हुए नए नियम लागू कर दिए हैं। गृह विभाग की ओर से जारी आदेशों के अनुसार अब 10 साल या उससे अधिक समय से राजस्थान में रह रहे किरायेदारों, सरकारी कर्मचारियों और बाहरी राज्यों से विवाह कर आई महिलाओं को भी मूल निवासी माना जाएगा। सरकार ने मूल निवास प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए कलेक्टर, एसडीएम, सहायक कलेक्टर और तहसीलदार को अधिकृत किया है।

नए प्रावधानों के तहत अब मूल निवास प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए आवेदक को शपथ-पत्र (एफिडेविट) देना होगा। इसके साथ ही दो जिम्मेदार व्यक्तियों की




अनुशंसा भी अनिवार्य की गई है। सांसद, विधायक, गजेटेड अधिकारी, जिला प्रमुख, प्रधान, सरपंच, ग्राम सचिव, पटवारी, पार्षद, सरकारी कर्मचारी या पुलिस बीट प्रभारी सहित सूचीबद्ध व्यक्तियों में से किसी दो के प्रमाण-पत्र आवेदन के साथ लगाने होंगे।

गृह विभाग के अनुसार वह व्यक्ति राजस्थान का मूल निवासी माना जाएगा, जिसके माता-पिता राजस्थान के मूल निवासी हों या वे पिछले 10 वर्षों से राज्य में निवास कर रहे हों। अब ऐसे लोग भी मूल निवास प्रमाण-पत्र बनवा सकेंगे जो पिछले 10 वर्षों से राजस्थान में किराए के मकान में रह रहे हैं।

यदि माता-पिता राजस्थान के मूल निवासी हैं तो आवेदन के साथ जन्म प्रमाण-पत्र और माता-पिता का मूल निवास प्रमाण-पत्र लगाना होगा। वहीं जिनके पास राजस्थान में 10 साल या उससे अधिक समय से मकान है, उन्हें वोटर आईडी, आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस या अन्य फोटो पहचान पत्र जमा कराने होंगे। सरकार ने दूसरे राज्यों की उन महिलाओं को भी राहत दी है, जिनकी शादी राजस्थान के मूल निवासी से हुई है। ऐसी महिलाओं को विवाह के बाद राजस्थान का मूल निवासी माना जाएगा। इसके लिए मैरिज सर्टिफिकेट, पति का मूल निवास प्रमाण-पत्र और पहचान संबंधी दस्तावेज लगाने होंगे। साथ ही पीहर राज्य के मूल निवास प्रमाण-पत्र को सरेंडर करने का शपथ-पत्र भी देना होगा।


इसके अलावा राजस्थान सरकार या सरकारी उपक्रमों में तीन साल से कार्यरत कर्मचारियों और उनके बच्चों को भी मूल निवास प्रमाण-पत्र के लिए पात्र माना गया है। इसके लिए सरकारी सेवा से संबंधित दस्तावेज आवेदन के साथ जमा कराने होंगे।

## अवैध बजरी खनन पर पुलिस का बड़ा एक्शन, 26 मामले दर्ज

### 42 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, जेसीबी, लोडर और डंपर जब्त, 18 आरोपी गिरफ्तार







**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए गए तीन दिवसीय विशेष अभियान में भीलवाड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन माफियाओं पर शिकंजा कसा। अभियान के दौरान जिलेभर में 26 प्रकरण दर्ज कर 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 42 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, एक जेसीबी, एक लोडर और एक डंपर जब्त किए गए।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन, राजेश आर्य, बुद्धराज तथा विभिन्न वृत्ताधिकारियों के सुपरविजन में गठित टीमों ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने करीब 140 टन अवैध बजरी जब्त की, जबकि अलग-अलग स्थानों पर भारी मात्रा में बजरी स्टॉक भी नष्ट और जब्त किया गया।

पुलिस के अनुसार थाना सदर क्षेत्र में विघ्या कॉलेज के पास सरकारी भूमि और ग्राम पोड्रास स्थित कोठारी नदी क्षेत्र में पड़े करीब 700 टन अवैध बजरी स्टॉक को माइनिंग विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में खुर्द-बुर्द किया गया। वहीं थाना जहाजपुर क्षेत्र में 160 टन बजरी स्टॉक जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। इसी तरह थाना बागोर और कारोई की संयुक्त टीम ने अमरगढ़ पीथास क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 50 टन अवैध बजरी स्टॉक जब्त किया।

अभियान के दौरान थाना बडलियास क्षेत्र से 15 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और एक जेसीबी, थाना फुलियाकला क्षेत्र से चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां व एक लोडर, थाना माण्डलगढ़ से चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, थाना बनेड़ा से तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां तथा थाना रायपुर क्षेत्र से एक डंपर और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गई।

## ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग के नाम पर हरे पेड़ों की बली

### रेलवे परिसर में कटे वर्षों पुराने नीम पीपल के पेड़, पर्यावरण प्रेमियों में आक्रोश





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

भीषण गर्मी की तपिश और आसमान से बरसती आग... जब इंसान एक-एक बूंद पानी और चंद पलों की छांव के लिए तरस रहा हो, ऐसे में अगर रक्षक ही भक्षक बन जाएं तो सवाल उठना लाज़िमी है। मामला भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन का है, जहां पर्यावरण संरक्षण के सरकारी दावों की धज्जियां उड़ती नजर आईं। भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन परिसर में सोमवार को वर्षों पुराने नीम और पीपल के विशाल पेड़ों को बेरहमी से काट दिया गया। आरोप है कि यह सब रेलवे के एईएन शैलेश कुमार के इशारे पर हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने के नाम पर उन पेड़ों की बलि दे दी गई, जो न तो रेलवे ट्रैक में बाधा थे और न ही किसी सड़क के बीच में खड़े थे। हैरानी की बात यह है कि पेड़ काटने के बाद लकड़ियों को गुपचुप तरीके से पिकअप वाहन में भरकर ठिकाने लगा दिया गया। जब इस मामले में जिम्मेदार अधिकारी से सवाल किया गया तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए फोन ही काट दिया। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या नियम-कायदे सिर्फ आम जनता के लिए हैं? नीम और पीपल जैसे पूजनीय और ऑक्सीजन देने वाले पेड़ों को बिना अनुमति काटने का अधिकार आखिर किसने दिया? मौके पर मौजूद देवराज गुर्जर ने बताया कि रेलवे स्टेशन परिसर में ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने के लिए रेलवे के एईएन शैलेश कुमार के कहने पर पेड़ काटे जा रहे थे। रेलवे कॉलोनी के स्थानीय लोगों का आरोप है कि कॉलोनी स्थित एक खाली प्लॉट में लगे इन पेड़ों को बिना किसी स्पष्ट कारण के कटवा दिया गया। ये पेड़ न तो सड़क निर्माण में बाधा बन रहे थे और न ही रेलवे ट्रैक के बीच में थे, इसके बावजूद विभाग ने इन्हें हटवा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कटे हुए पेड़ों की लकड़ियों को बाद में एक पिकअप वाहन में भरकर परिसर से बाहर भेज दिया गया। स्थानीय नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, जब इस मामले को लेकर रेलवे के एईएन शैलेश कुमार से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने पेड़ कटवाने के निर्देश देने से इनकार कर दिया और फोन काट दिया। सूत्रों के मुताबिक परिसर में केवल दो ही नहीं, बल्कि तीन अन्य बड़े पेड़ भी विभाग की ओर से कटवाए गए हैं। इस घटना के बाद पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभाग की गंभीरता पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि नीम और पीपल जैसे पेड़ों को काटने के लिए नियमानुसार अनुमति आवश्यक होती है। ऐसे में बिना स्पष्ट अनुमति इतनी बड़ी कार्रवाई कैसे हुई, यह जांच का विषय है। वहीं पर्यावरणविद् बाबू लाल जाजू का कहना है कि चाहे कोई भी विभाग हो, बिना अनुमति के ऐसे पेड़ नहीं काट सकता। इसके लिए नियमानुसार अनुमति लेना आवश्यक होता है। यदि विभाग ने बिना अनुमति पेड़ कटवाए हैं तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए।

## 16 साल से फरार डकैती का आरोपी गिरफ्तार, एनडीपीएस का इनामी बदमाश भी पकड़ा

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन वांछित अपराधी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

थाना पुलिस ने राज्य स्तरीय विशेष अभियान के तहत डकैती, एनडीपीएस एक्ट और स्थायी वारंट के मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे तीन वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें डकैती के मामले में 16 साल से फरार चल रहा 5 हजार रुपए का इनामी आरोपी भी शामिल है।

पुलिस ने थानाधिकारी स्वागत पाण्डया के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें गठित कर कार्रवाई की।

पुलिस ने बताया की डकैती के दो मामलों में वर्ष 2010 से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी राजू कालबेलिया निवासी चित्तौड़गढ़ को तकनीकी और वैज्ञानिक तरीकों की मदद से करीब 20 किलोमीटर पीछा कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचता फिर रहा था।

वहीं एनडीपीएस एक्ट के मामले में 13 साल से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी मुकेश उर्फ संतोष बंजारा निवासी मंदसौर (मध्यप्रदेश) को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपी गांव-गांव घूमकर सामान बेचने का काम करता था। पुलिस के अनुसार वह 194 किलो अवैध डोडा पोस्त के मामले में वांछित था और कार्रवाई के दौरान वाहन की ड्राइवर सीट से उतरकर फरार हो गया था।

इसके अलावा न्यायालय के स्थायी वारंटी राधेश्याम उर्फ राधेया कंजर निवासी चिताबड़ा को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपी करीब 12 साल से जंगलों में छिपकर फरारी काट रहा था तथा पहचान छिपाने के लिए उसने अपना हुलिया भी बदल लिया था।

कार्रवाई में थानाधिकारी स्वागत पाण्डया, उप निरीक्षक नरेश कुमार, सुनील बेनीवाल, गोपाल लाल सहित पुलिस टीम के अन्य जवान शामिल रहे।

## छापरी चौराहे के समीप कार को बचाने के प्रयास में श्रमिकों से भरी बस पलटी,एक बाइक सवार भी आया चपेट में,9 जने हुए घायलों

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

शहर के सुभाषनगर थाना क्षेत्र में सोमवार शाम बस पलटने से हड़कम्प मच गया। सोपुरा से नानकपुरा जा रही श्रमिकों से भरी एक बस छापरी चौराहे के पास अचानक पलट गई। हादसे के वक्त बस में कंचन फैक्ट्री के श्रमिक सवार थे। बताया जा रहा है कि सामने आ रही एक कार को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर पलट गई।





इसी दौरान एक बाइक सवार भी बस की चपेट में आ गया। हादसे में बस में सवार 8 श्रमिक और एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चेतन हरीजन, हीरा लाल बलाई, हनुमान बलाई, लादू सिंह राजपुत, भैरूलाल बैरवा, सुखराज सिंह राठौड, चेन सिंह राहुल लौहार और बाइक सवार भैरू गाड़री शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। बस चालक राहुल ने हादसे की जानकारी पुलिस और प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल जिला अस्पताल में सभी घायलों का इलाज जारी है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# छोटा रुणिचा धाम पहुंचे सांसद दामोदर अग्रवाल, किया दर्शन-पूजन



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**मानव तिवाड़ी।** भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल सोमवार को बिजौलिया क्षेत्र के प्रसिद्ध छोटा रुणिचा धाम पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर पहुंचने पर गादीपति महंत हीरालाल जोगी के सानिध्य में मंदिर कमेटी द्वारा सांसद का साफा, माला, भगवान की चित्र छाया एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस दौरान भाजपा उपाध्यक्ष संजय धाकड़, मंडल अध्यक्ष मनोज गोदा, राजेंद्र बंजारा, धर्मेंद्र गौतम, ज्ञान जैन, बंटी अग्रवाल, कमलेश धाकड़, अजय यादव, देवेंद्र पांडे, शंभू सांखला, शंकरनाथ महाराज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। इसके पश्चात सांसद दामोदर अग्रवाल नगर स्थित मंदाकिनी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर जनकल्याण की प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने नगरवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा भी की।

# 7 साल से फरार 5 हजार की इनामी महिला आरोपी गिरफ्तार

## अपहरण व षड्यंत्र के मामले में थी वांछित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत भीमगंज थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 साल से फरार चल रही 5 हजार रुपए की इनामी महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपहरण, बंधक बनाने और षड्यंत्र रचने के मामले में लंबे समय से फरार चल रही थी। पुलिस ने थानाधिकारी सुनील चौधरी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस टीम द्वारा जिले में हार्डकोर, इनामी एवं वांछित अपराधियों की तलाश के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय कर मोबाइल कॉल डिटेल के आधार पर लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी दौरान थाना भीमगंज के एक मामले में 7 साल से फरार चल रही इनामी आरोपी यास्मीन पुत्री बशीर मोहम्मद पठान निवासी शेखों का मोहल्ला, आसींद हाल आरके कॉलोनी थाना सुभाषनगर को गिरफ्तार किया गया।

कार्रवाई में थानाधिकारी सुनील चौधरी, हेड कांस्टेबल उमराव, कांस्टेबल बीरबल, राजेश एवं महिला कांस्टेबल कृष्णा की विशेष भूमिका रही।

# अमरतिया विद्यालय के नवीन भवन निर्माण का हुआ शिलान्यास



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के कोटड़ी उपखंड क्षेत्र के अमरतिया ग्राम स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के नवीन भवन निर्माण का शिलान्यास समारोह सोमवार को उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सी.आर. चौधरी मौजूद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपीचंद मीणा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर लादूलाल जाट सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अपने संबोधन में सी.आर. चौधरी ने कहा कि विद्यालय भवन का निर्माण क्षेत्र में शिक्षा के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा तथा ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा सुविधाएं और अधिक मजबूत होंगी।

# अरनिया पहुंचे जिला कलेक्टर, ग्राम रथ अभियान की दी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू सोमवार को गंगापुर विधानसभा क्षेत्र के अरनिया ग्राम पहुंचे। ग्राम रथ के आगमन पर उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्राम रथ अभियान के उद्देश्य एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य योजनाओं की जानकारी अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने ग्रामीणों से ग्राम रथ के माध्यम से प्रदर्शित योजनाओं की जानकारी ध्यानपूर्वक देखने एवं पात्रता अनुसार आवेदन करने का आह्वान किया।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों के साथ जाजम पर बैठकर उनकी समस्याएं भी सुनीं। ग्रामीणों ने गौशाला, अतिक्रमण, सड़क एवं पेयजल संबंधी समस्याएं रखीं, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी गंगापुर राजेश बिश्नोई सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# एफएसटीपी प्लांट के फायदे बताकर महिलाओं को किया जागरूक

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) की केप इकाई द्वारा सोमवार को माली मोहल्ला, बारी दरवाजा वार्ड संख्या 13 में आमजन एवं महिलाओं की बैठक आयोजित कर परियोजना कार्यों एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई।

सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत महिलाओं को फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) एवं फीकल स्लज एंड सेप्टेज मैनेजमेंट (एफएसएसएम) के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं को ई-श्रम कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया गया।



बैठक में महिलाओं को घर एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, नालियों में कचरा नहीं डालने तथा मच्छर-मक्खियों से फैलने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। समूह चर्चा के माध्यम से मौसमी बीमारियों से बचने एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने स्वच्छता की शपथ लेते हुए गली-मोहल्लों को स्वच्छ रखने का संकल्प भी लिया।

सहायक सामाजिक विकास अधिकारी रेखा खटीक ने बताया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मलजल को टैंकरों के माध्यम से रायपुर रोड स्थित नेहरू नगर में निर्माणाधीन एफएसटीपी प्लांट तक पहुंचाया जाएगा। वहां वैज्ञानिक तरीके से ट्रीटमेंट कर खाद तैयार की जाएगी, जिसका उपयोग खेती में किया जा सकेगा। इससे गंदगी एवं प्रदूषण में कमी आएगी तथा वातावरण स्वच्छ बना रहेगा।

कार्यक्रम में मुस्कान, गीता, पुष्पा, हिना, रुक्साना, अंची देवी, रुक्मण, ममता, मुमताज, सुशीला माली एवं तारा माली सहित कई महिलाओं ने भाग लिया।

# बाल संरक्षण योजनाओं की समीक्षा, संस्थाओं में बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अधिकारियों को दिए त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

उपमुख्यमंत्री एवं बाल अधिकारिता विभाग मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में सोमवार को शासन सचिवालय में बाल अधिकारिता विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मिशन वात्सल्य, स्पॉन्सरशिप योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान तथा वर्ष 2026-27 की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

बैठक में बाल अधिकार एवं संरक्षण को मजबूत बनाने के लिए विभागीय योजनाओं के प्रभावी संचालन पर विस्तार से चर्चा हुई। उपमुख्यमंत्री ने बाल देखरेख संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण, मरम्मत एवं रखरखाव कार्यों को



प्राथमिकता से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सके।

उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को और अधिक प्रभावी बनाने, शिकायतों के त्वरित निस्तारण तथा जरूरतमंद बच्चों तक समयबद्ध सहायता पहुंचाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और संरक्षण के लिए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बाल देखरेख संस्थाओं में रह रहे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन, शिक्षा, खेलकूद, परामर्श सेवाएं और कौशल विकास कार्यक्रमों से नियमित रूप से जोड़ने के निर्देश दिए।

साथ ही बच्चों की काउंसलिंग व्यवस्था को मजबूत करने तथा उनके मानसिक और भावनात्मक विकास पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। वरिष्ठ अधिकारियों को बाल देखरेख संस्थाओं का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में लगातार सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में बाल भिक्षावृत्ति रोकने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। इसके अलावा बाल विवाह, बाल श्रम और बच्चों से जुड़े अन्य संवेदनशील मामलों में विभागीय समन्वय के साथ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव दिनेश कुमार, आयुक्त निकया गोहाएन सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# बड़लियास पुलिस की अवैध बजरी खनन पर बड़ी कार्रवाई

## दो दिन में 15 ट्रैक्टर ट्रॉली, एक जेसीबी मशीन सहित 6 गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** राज्य सरकार द्वारा अवैध बजरी खनन / परिवहन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र यादव के निर्देशानुसार, थानाधिकारी जसवंत सिंह द्वारा कार्यवाही की गई । अभियान के तहत दो दिनों में थाना पुलिस द्वारा अवैध बजरी खनन/ परिवहन में लिप्त 15 ट्रैक्टर-ट्रॉली व 1 जेसीबी मशीन को धारा 207 एमवी एक्ट में जप्त किया । वही 6 ट्रैक्टर चालकों को गिरफ्तार किया, जिसमें चांदगढ़ निवासी शंकर पिता उदालाल जाट उम्र 20 साल, भैरूलाल पिता उदयलाल जाट उम्र 43



साल, मुकेश पिता नन्दा ओड उम्र 32 साल, आकोला निवासी पप्पु पिता उदयलाल रेगर उम्र 23 साल, बरुंदनी, थाना बिगोद निवासी देवालाल पिता जगदीश भील उम्र 19 साल और बबलु पिता भंवरलाल भील उम्र 18 साल निवासी कडाकडा पुलिस थाना पारसोली जिला चितौडगढ को धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया । बेडच नाका पर स्थायी पिकेट लगाकर जाप्ता लगाया गया व स्थायी 24 घंटे नाकाबन्दी करवायी जा रही है ।।

पुलिस ने अवैध बजरी खनन को रोकने के लेकर चांदगढ, जीवा का खेडा, आकोला, अडसीपुरा, भाकलिया, गेंदलिया, करेड, अमरतिया रेण, पीथास, सोलकियों का खेडा बनास नदी और कवलियांस कोठारी नदी एवं बैडच नदी में अवैध बजरी परिवहन के रास्ते कटवा कर अवैध बजरी खनन / परिवहन पर सतत निगरानी की जा रही है ।। बडलियास थाना पुलिस ने जिला भीलवाडा द्वारा वर्ष 2026 जनवरी से अब तक 40 प्रकरण पंजीबद्ध कर कुल 75 वाहनों में अवैध 494 टन बजरी व 40 टन गारनेट जप्त किया जा चुका है, लगातार कार्रवाई करके क्षेत्र में अवैध बजरी खनन पर लगाम लगाने का प्रयास कर रही ।।

# गेगा का खेड़ा में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, निकली भव्य कलश यात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

**जसवंत पारीक**

निकटवर्ती गेगा का खेड़ा गांव में सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। कथा प्रारंभ से पूर्व देवनारायण मंदिर से 51 कलशों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु डीजे पर बज रहे भजनों की धुन पर नाचते-गाते हुए लक्ष्मीनाथ मंदिर प्रांगण पहुंचे।

आयोजक चंद्रप्रकाश पुरोहित एवं शिव पुरोहित ने बताया कि अभिजीत वेला में कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन प्रवचन करते हुए गौवत्स सत्यनारायण महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा अधम से अधम व्यक्ति को भी मोक्ष प्रदान करने वाली है। मन में शुभ विचार आते ही भगवान उन विचारों को पूर्ण करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं तथा धार्मिक कार्यों



के संकल्प से पितृलोक में पूर्वज भी प्रसन्न होते हैं।

उन्होंने भागवत माहात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि ज्ञान, वैराग्य और भक्ति का संगम होने पर ही सच्ची भक्ति फलित होती है। भागवत कथा श्रोता, वक्ता और कर्ता तीनों को समान रूप से फल प्रदान करती है। सत्य से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

कथा के दौरान राजा परीक्षित को श्रृंगी ऋषि द्वारा सात दिन में सर्पदंश से मृत्यु का शाप मिलने तथा इसके बाद गंगा तट पर सुखदेव मुनि से मोक्ष का मार्ग पूछने की कथा का भी विस्तार से वर्णन किया गया। अंत में गुरु वंदना एवं कथा आरती के साथ प्रथम दिवस का समापन हुआ।



QUICK BITES

## हरनी महादेव में गूंजा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, श्रद्धा, संस्कृति और जनकल्याण का संगम बना आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



मूलचन्द पेसवानी

श्री हरनी महादेव मंदिर में सोमवार को आयोजित 'सोमनाथ विरासत के 75 साल' कार्यक्रम श्रद्धा, संस्कृति और जनजागरूकता का अनूठा संगम बनकर सामने आया। श्री हरनी महादेव मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस विशेष आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आमजन ने भाग लिया। मंदिर परिसर पूरे दिन 'हर-हर महादेव' और भक्ति गीतों से गूंजता रहा। धार्मिक उल्लास के साथ-साथ लोगों को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर मंदिर में विशेष श्रृंगार दर्शन, कलश यात्रा, रुद्राभिषेक और सोमनाथ मंदिर से जुड़ी गौरवगाथाओं का वाचन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक कर देश और समाज की खुशहाली की कामना की। कलश यात्रा में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाई गई। आयोजकों ने बताया कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी सोच के तहत धार्मिक और सामाजिक आयोजनों को जनजागरूकता का माध्यम बनाया जा रहा है। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं की जानकारी श्रद्धालुओं को सरल भाषा में दी गई, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें।

उपस्थित लोगों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से जब जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाती है तो आमजन तक संदेश तेजी से पहुंचता है। लोगों ने राज्य सरकार की जनहितकारी सोच और विकासोन्मुख प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराएं समाज को जोड़ने का काम करती हैं। उन्होंने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे भारतीय स्वाभिमान का प्रतीक बताया।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी अरुण जैन, जिला रसद अधिकारी अमरेंद्र मिश्रा, पूर्व यूआईटी चेयरमैन लक्ष्मीनारायण डाड, राजेंद्र कचोलिया, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जग जितेंद्र सिंह, ट्रस्ट अध्यक्ष नंदकिशोर दरक, सचिव ओमप्रकाश दरक, ट्रस्टी सुभाष बाहेती सहित कई गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## महाकाल मंदाकिनी मंदिर पहुंचे सांसद दामोदर अग्रवाल, विकास कार्यों का दिया भरोसा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**रमेश गुर्जर।** लोकसभा सचेतक एवं सांसद दामोदर अग्रवाल सोमवार को नगर स्थित पौराणिक महाकाल मंदाकिनी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान महाकाल के दर्शन कर जिले की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

मंदिर परिसर में महाकाल सेवा समिति द्वारा सांसद का नागरिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान समिति पदाधिकारियों ने क्षतिग्रस्त महाकाल मंदिर के जीर्णोद्धार, पार्किंग व्यवस्था एवं मंदिर परिसर के सौंदर्यकरण के लिए पुरातत्व विभाग एवं भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय से राशि स्वीकृत करवाने की मांग रखी।

इस पर सांसद दामोदर अग्रवाल ने मंदिर के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्यों को लेकर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, संजय धाकड़, शांतिलाल जोशी, जितेंद्र सिंह चौहान, सुनील जोशी एडवोकेट, हितेंद्र सिंह राजोरा, रामकुमार चितौड़ा, पर्मेंद्र विजय, गोविंद पाराशर, सुमित जोशी, सुनील सोनी, मोहन धाभाई, मनोज गोधा, शंभू सिंह, विनोद ओसतवाल, योगेश पुरोहित, परमेश्वर पाराशर, देवकरण सोलंकी, धर्म सिंह पंवार, अरुण पाराशर सहित बड़ी संख्या में कस्बेवासी मौजूद रहे।

# संगीत प्रेमी मित्र समूह ने मनाया प्रथम स्थापना वर्ष, संगीत संगोष्ठी का हुआ भव्य आयोजन

## आत्मा की शांति और समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम है संगीतः अजय मूंदड़ा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

संगीत प्रेमी मित्र समूह के प्रथम स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित 52वीं संगीत संगोष्ठी का भव्य आयोजन उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शहर के संगीत प्रेमियों, कलाकारों, साहित्यकारों एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। पूरे आयोजन के दौरान सुर, ताल और संगीत की मधुर स्वर लहरियों ने ऐसा समां बांधा कि उपस्थित श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। संगीत प्रेमी मित्र समूह के अरुण संतोष मुछाल ने बताया कि गत वर्ष 20 अप्रैल 2025 को मात्र छह संगीत प्रेमियों के साथ प्रारंभ हुआ यह समूह आज पैंतीस से अधिक सदस्यों के परिवार के रूप में विकसित हो चुका है। यह संगीत गोष्ठी प्रत्येक रविवार शाम 4 से 7 बजे आयोजित की जाती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल थे। विशिष्ट अतिथियों में लक्ष्मी नारायण डाड, बाबूलाल जाजू,



राजेंद्र गोखरू, राष्ट्रीय कवि राजेंद्र गोपाल व्यास, सूर्यप्रकाश नाथानी, महावीर चौधरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समूह की ओर से अजय मूंदड़ा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए समूह की गतिविधियों की जानकारी दी। मूंदड़ा ने कहा की संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मा की शांति और समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने युवाओं से भारतीय संगीत परंपरा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. आलोक मित्तल, सूरज सक्सेना, रतन खोईवाल, नरेंद्र नुवाल, कृष्णा लढा, वंदना सोमानी, हंसा श्याम बिरला, कृष्ण गोपाल मूंदड़ा, मुकेश कुमावत, भूपेंद्र सिंह, शिशिर माथुर, अजय सोमानी, सुरेश नथरानी, भगवान दरगड़, हितेंद्र सोमानी, राजकुमार टांक, अजय मूंदड़ा, पुरुषोत्तम नथरानी, केजी मूंदड़ा आदि ने गीत प्रस्तुत किए। हार्दिक मूंदड़ा ने सिंथेसाइज़र पर मधुर धुनों से कार्यक्रम को संगीतमय बनाए रखा तथा त्रिलोक छाबड़ा ने भी गीत प्रस्तुत किया। वर्षभर की सक्रियता के आधार पर सुनीता मिश्रा, भगवान दरगड़, सूरज सक्सेना, डॉ. आलोक मित्तल एवं रतन खोईवाल को विभिन्न सम्मान प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल ने समूह की सराहना करते हुए इसे भीलवाड़ा की सांस्कृतिक पहचान को नई दिशा देने वाला प्रयास बताया। अंत में श्रीमती रेखा कोठारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन विनोद सोमानी ने शायराना अंदाज में किया। आयोजन स्थल पर देर शाम तक संगीत की स्वर लहरियां गूंजती रहीं और श्रोताओं ने हर प्रस्तुति पर तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

# थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए जागरूकता संगोष्ठी आयोजित, रक्तदान शिविर तथा विशेषज्ञों ने दिया परामर्श

## थैलीसीमिया बच्चों के संघर्ष को मिला सम्मान, मैडल पहन खिले मासूमों के चेहरे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

समर्पण फाउंडेशन एवं थैलेसीमिया रिलीफ सोसायटी के सहयोग से विश्व थैलेसीमिया दिवस को लेकर महात्मा गांधी चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉक्टर वर्षा सिंह एवं पीएमओ डॉ अरुण गौड़ थैलेसीमिया रिलीफ सोसायटी की एकता ओस्तवाल ने बालाजी मंदिर के महंत आशुतोष शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सोसायटी की एकता ओस्तवाल ने कहा की थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों और मरीजों के लिए नियमित रक्त की आवश्यकता होती है, ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान उनके जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथियों का स्वागत थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों ने पुष्प प्रदान कर किया। कार्यक्रम प्रमुख विक्रम दाधीच नें बताया की मे थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए जागरूकता



संगोष्ठी, रक्तदान शिविर तथा विशेषज्ञों द्वारा परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर समर्पण फाउंडेशन के आलोक जाजू, संदीप मेहता, विवेक जागेटिया, मोहम्मद सलमान, सिद्दीका जैन, अरुण यादव का योगदान रहा। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष लाजपत आचार्य, विधायक खेल योजना प्रभारी अजीत जैन, राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी एवं कोच हर्षवर्धन कोली, एथलेटिक कोच धर्मपाल यादव, मनीषा, कोच हर्ष दाधीच ने थैलीसीमिया लाडलो के साथ खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित कर सभी बच्चों को मेडल प्रदान किए। कृष्णा सोमानी, अनूप सोमानी, कानन सोमानी, सीए नरेश माहेश्वरी, स्मिता माहेश्वरी तथा अधिवक्ता दिनेश तिवाड़ी नर्सिंग एसोसिएशन परिवार सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान थैलेसीमिया से पीड़ित बालिका अमीषा तिवारी ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए। अमीषा तिवारी ने कहा की समाज में जागरूकता ही थैलेसीमिया जैसी बीमारी से लड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम है। यदि हर व्यक्ति समय पर जांच और रक्तदान के प्रति जागरूक होगा, तो कई बच्चों और परिवारों को इस बीमारी की पीड़ा से बचाया जा सकता है। उन्होंने अपनी बेहतर देखभाल और उपचार के लिए चिकित्सालय स्टाफ, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं अपने अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने अन्य अभिभावकों को भी प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को समय पर उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएं, ताकि उनका जीवन अधिक सुरक्षित और कष्टमुक्त बनाया जा सके। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित करना रहा। महात्मा गाँधी अस्पताल के डॉ. इंदिरा, डॉ. कुलदीप, डॉ. बलबीर, थैलीसीमिया वार्ड नीतू का सहयोग सराहनीय रहा।

# भाविप विवेकानंद शाखा के शिविर में जोड़ों के दर्द से परेशान सैकड़ों नागरिकों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

## जोड़ों के दर्द और डायबिटीज के लिए लगाया चिकित्सा शिविर, 15 मई से दिव्यांग बच्चों के लिए शुरू होगा विशेष प्रशिक्षण शिविर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा के तत्वावधान में स्थानीय भारत विकास भवन पर दो दिवसीय विशेष चिकित्सा एवं सेवा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में जोड़ों के दर्द से परेशान सैकड़ों नागरिकों ने स्वास्थ्य लाभ लिया, साथ ही सेवा के अन्य प्रकल्प भी पूरे किए गए। शाखा अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल एवं सचिव केजी सोनी ने बताया कि शिविर में सेवाएँ देने के लिए विशेष रूप से सूरत के मधुसूदन एक्यूप्रेशर सेंटर से डॉ. आर.एन. वर्मा एवं डॉ. कमलेश चोरड़िया उपस्थित रहे। डॉ. चोरड़िया ने एक्यूप्रेशर पद्धति के



माध्यम से मरीजों के हाथ-पैर और जोड़ों के दर्द का प्रभावी उपचार किया। इसी क्रम में समाज सेवा के अंतर्गत शिविर में 47 जरूरतमंद व्यक्तियों को डायबिटीज (मधुमेह) की दवा का निःशुल्क वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान डॉ. आर.एन. वर्मा ने स्वस्थ जीवनशैली पर जोर देते हुए कहा कि अधिकांश शारीरिक व्याधियाँ गलत खान-पान और पानी पीने की गलत आदतों से उपज रही हैं।


उन्होंने परामर्श दिया कि भोजन के कम से कम डेढ़ घंटे बाद ही पानी पीना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य का सूत्र देते हुए बताया कि यदि भोजन सुबह 10, दोपहर 2 और शाम 6 बजे के क्रम में किया जाए और अगले दिन के भोजन में 15 घंटे का अंतराल रखा जाए, तो शरीर स्वयं बीमारियों से लड़ने में सक्षम हो जाता है। शिविर के सफल संचालन में केजी सोनी, महावीर झंवर, सुमित जागेटिया, वन्दना अग्रवाल, बाल कृष्ण पारीक, सरोज पोद्दार एवं जगदीश काबरा की सेवाएँ अत्यंत सराहनीय रहीं। परिषद द्वारा मानवता की सेवा में एक और कदम बढ़ाते हुए आगामी 15 मई से 24 मई तक बौद्धिक दिव्यांग एवं दृष्टिहीन बच्चों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में बच्चों को कंप्यूटर, मोबाइल संचालन, स्विमिंग (तैराकी) एवं अन्य वोकेशनल कोर्सेस सिखाए जाएंगे। यह सेवाक्रम पटेल नगर/आजाद नगर नहर के पास प्रातः 8.00 से 10.30 बजे तक आयोजित होगा।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की! अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# भगवती सेवा एवं शिक्षा संस्थान का द्वितीय वार्षिक उत्सव संपन्न, 13 प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

## सेवाश्रम के विशेष बच्चों की प्रतिभा देख भावुक हुए अभिभावक, आंखों से छलकी अश्रु धारा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




श्री भगवती सेवा एवं शिक्षा संस्थान (सेवाश्रम) की भीलवाड़ा इकाई द्वारा संचालित केंद्र का द्वितीय वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जब विशेष (बौद्धिक दिव्यांग) बच्चों ने मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन किया, तो वहां मौजूद अभिभावकों की आंखें खुशी और गर्व से भर आईं। करीब 3 घंटे चले इस कार्यक्रम में 13 प्रकार की विभिन्न प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक निजी होटल में आयोजित इस समारोह की शुरुआत श्गणेश वंदनाश् के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने योग, सूर्य नमस्कार और जिम्नास्टिक के हैरत अंगेज प्रदर्शन से सभी को अचंभित कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न त्योहारों पर आधारित नाटक और भजनों की प्रस्तुतियां रहीं। अतिथियों ने कहा कि बच्चों का प्रदर्शन किसी फिल्म की तरह जीवंत लग रहा था। मुख्य अतिथि एवं उद्योगपति दिनेश नौलखा ने बच्चों के प्रदर्शन को देखकर कहा कि आज मन में अद्भुत सुख का अनुभव हो रहा है। समाजसेवी श्रीगोपाल राठी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार को चलाना आसान है, लेकिन इन विशेष बच्चों की सेवा करना अत्यंत कठिन कार्य है। जो व्यक्ति इस सेवा को आत्मिय भाव से करता है, वह वास्तव में दुर्लभ व्यक्ति है। दुधाधारी मंदिर अध्यक्ष केजी तोषनीवाल ने संस्थान के शिक्षकों और केयर टेकर के समर्पण की प्रशंसा की। सेवाश्रम की अध्यक्ष मधु काबरा ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह संस्थान तपोभूमि के समान है, जहाँ शिक्षक पूरी उम्मीद और निष्ठा के साथ कार्यरत हैं। कार्यक्रम के दौरान संस्थान को सहयोग करने वाले 21 भामाशाहों का सम्मान किया गया। इनमें राहुल शाह (यूएसआर), पल्लवी लढा, ओम जागेटिया, सुनील बांगड़, पंकज अग्रवाल और आदित्य मानसिंहका सहित अन्य भामाशाह शामिल रहे। संस्थान के रामगोपाल ओझा एवं उनकी धर्मपत्नी का विशेष सहयोग रहने पर सम्मान किया गया। संस्थान के सचिव गिरीश अग्रवाल ने बताया कि सेवाश्रम पिछले दो वर्षों से 54 विशेष बच्चों को निःशुल्क शिक्षा और थेरेपी प्रदान कर रहा है। पटेल नगर स्थित आवासीय केंद्र में 9 बच्चे रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्पीच थेरेपी के माध्यम से बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम में केयर टेकर अर्पणा और प्रिंसिपल आशा काबरा की भूमिका को भी सराहा गया। कार्यक्रम का सफल संचालन हंसा व्यास और रजनीकांत आचार्य ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (सेवा विभाग) के वरिष्ठ पदाधिकारी, चांदमल सोमानी, शांतिलाल पानगड़िया, डीपी. अग्रवाल, उमेश काबरा, रवि जाजू, योगेश लढा और विकास भाटी सहित कई गणमान्य नागरिक और अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेश्वर काबरा ने की।

# ग्राम रथ : बड़लियास और सुटेपा गेंदलिया में ग्रामीणों को दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**



ग्राम रथ योजना के तहत मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बड़लियास और सुटेपा गेंदलिया गांव में सोमवार को केंद्र व राज्य सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम रथ के माध्यम से ग्रामीणों तक पहुंचाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अफसरों ने कृषि सब्सिडी, पशुपालन सहायता, स्वास्थ्य बीमा, गौशाला संचालन, पशु चिकित्सा, ग्रामीण सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों और दस्तावेज सत्यापन जैसी योजनाओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अफसरों के समक्ष रखीं, जिनका तत्काल समाधान भी सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, और प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्राम रथ पर लगे डिस्प्ले बोर्ड व ब्रोशर के जरिए योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

कृषि अधिकारी ने बताया कि ग्राम रथ योजना गांव-गांव पहुंचकर योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य रखती है। पशुपालन अधिकारी ने गौशाला संचालन व पशु चिकित्सा योजनाओं पर विशेष जोर दिया। प्रशासनिक अफसरों ने आवेदन प्रक्रिया व दस्तावेज सत्यापन पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान,नंदराय मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत, पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिलीप सिंह , प्रशासक प्रकाश चंद्र रेगर, राधेश्याम पोरवाल, अमरचंद रेगर, मदन प्रजापत, राधेश्याम चतुर्वेदी, भंवर सोनी, कैलाश पारीक, नरेश भोमावत ,रामेश्वर डूंगावत, कमल कांत पोरवाल, सागर सिंह , नवरतन सोनी , जय सिंह सहित अन्य ग्रामीण एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्य की उपलब्धियों को दर्शाती पुस्तकें वितरित की गई।

# 1000 साल के संघर्ष का प्रतीक बना सोमनाथ, शाहपुरा कॉलेज में गूंजा स्वाभिमान का संदेश

## '17 बार टूटा, फिर भी अडिग खड़ा रहा सोमनाथ '

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**



श्री प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय में रविवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व हर्षोल्लास और राष्ट्रीय चेतना के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. पुष्कर राज मीणा की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. मूलचंद खटीक के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ। अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ. पुष्कर राज मीणा ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत के राष्ट्रीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक चेतना और अदम्य संघर्ष का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने सोमनाथ मंदिर के पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चंद्रदेव ने भगवान शिव की आराधना के बाद सबसे पहले स्वर्ण निर्मित सोमनाथ मंदिर का निर्माण करवाया था। उन्होंने कहा कि इतिहास में इस मंदिर को कई बार आक्रमणकारियों ने तोड़ा, लूटा और रक्तपात किया, लेकिन हर बार यह पहले से अधिक भव्य स्वरूप में पुनः खड़ा हुआ।

उन्होंने बताया कि 1026 ईस्वी में महमूद गजनवी ने सोमनाथ पर आक्रमण कर भारी लूटपाट और नरसंहार किया था। इसके बाद भी राजा भीमदेव और राजा भोज सहित कई शासकों ने मंदिर का पुनर्निर्माण करवाया। वहीं आधुनिक भारत में सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प और जनसहयोग से वर्तमान भव्य सोमनाथ मंदिर का निर्माण हुआ, जिसे 11 मई 1951 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने राष्ट्र को समर्पित किया।

विशिष्ट अतिथि प्रो. मूलचंद खटीक ने कहा कि 12 ज्योतिर्लिंग भारतीय संस्कृति की अनुपम धरोहर हैं और सोमनाथ स्वाभिमान पर्व सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने युवाओं से भारतीय इतिहास और संस्कृति को आत्मसात करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में संकाय सदस्य प्रो. दिग्विजय सिंह ने आभार व्यक्त किया। समारोह में प्रो. दलवीर सिंह, प्रो. अतुल कुमार जोशी, महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# पोक्सो एक्ट व साइबर क्राइम पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के अध्यक्ष एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भीलवाड़ा के अध्यक्ष के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति बिजौलिया की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशन में सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में नालसा द्वारा संचालित जागृति स्कीम-2025 के तहत 'सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य' विषय पर पोक्सो एक्ट-2012 एवं साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को कानूनी अधिकारों, बाल सुरक्षा एवं साइबर अपराधों से बचाव के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर पीएलवी राम बाबू माथुर, पीएलवी सुनीता नायक, अधिवक्ता ललिता सुवालका एवं इंटर्न अधिवक्ता अनन्या राव ने विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट एवं साइबर अपराधों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दिलीप सिंह, अशोक कुमार धाकड़, शुभम शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। शिविर में करीब 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर विधिक जानकारी प्राप्त की।

## QUICK BITES

### बरूंदनी में रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**




ग्राम पंचायत बरूंदनी में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य में रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीओ, बीडीओ, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं परिवेदनाओं को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग नियमित एवं सुचारू रूप से कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामीणों को समय पर राहत मिल सके।

### श्री राजस्थानी अरोड़ा खत्री समाज द्वारा शिक्षा का महाकुंभ 14 जून को भीलवाड़ा में

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



श्री राजस्थानी अरोड़ा खत्री सर्वोच्च समिति, जोधपुर के तत्वावधान में आगामी 14 जून 2026, रविवार को भीलवाड़ा में भव्य 'शिक्षा पुरस्कार एवं प्रतिभा सम्मान समारोह - शिक्षा का महाकुंभ' आयोजित किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन की तैयारियों को लेकर आज अरोड़ा समाज, भीलवाड़ा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप देने का निर्णय लिया गया।

अरोड़ा खत्री समाज समिति के जिलाध्यक्ष कैलाश अरोड़ा एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले इस समारोह में पिछले दो वर्षों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही योग्य विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन 14 जून 2026 को प्रातः 11 बजे से नगर निगम टाउन हॉल, भीलवाड़ा में आयोजित होगा। समारोह में अरोड़ा समाज के सैकड़ों पदाधिकारी, छात्र-छात्राएं, विभिन्न पंचायतों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सहित समाजजन उपस्थित रहेंगे। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने हेतु व्यापक जनसंपर्क, व्यवस्थाओं एवं सहभागिता पर चर्चा करते हुए सभी समाजबंधुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहने का आह्वान किया।

### विधायक खेल विकास योजना के तहत फुटबॉल सीरीज का रोमांच जारी, आज होगा दूसरा मुकाबला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,**



शहर में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और युवाओं में खेल भावना विकसित करने के उद्देश्य से भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी कोठारी की पहल पर 'विधायक खेल विकास योजना' के अंतर्गत आयोजित सात मैचों की फुटबॉल सीरीज का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। श्रृंखला का दूसरा रोमांचक मुकाबला मंगलवार, 12 मई को मोदी ग्राउंड पर खेला जाएगा।

आज के मुकाबले में गर्ल्स कॉलेज ग्राउंड और मोदी ग्राउंड की टीमें आमने-सामने होंगी। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए खेल प्रेमियों को कड़े और रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

यह मैच शाम 5 बजे से 7 बजे तक मोदी ग्राउंड, भीलवाड़ा में आयोजित होगा। प्रतियोगिता के सफल संचालन की जिम्मेदारी प्रशिक्षक महेश शर्मा एवं दिनेश सोलंकी निभा रहे हैं। विधायक खेल विकास योजना संयोजक शिक्षाविद विवेक निमावत और आयोजन कोच अजीत जैन ने बताया कि इस खेल श्रृंखला का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा स्थानीय प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना है।

मैच को लेकर शहर के खेल प्रेमियों में व्यापक उत्साह है।

### खाटू श्याम पदयात्रा के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह आयोजित, सेवाभावी भक्तों का हुआ सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**



**गजानंद जोशी ।** रोपा से खाटू श्याम मंदिर की 14वीं पदयात्रा के सफल समापन पर रोपा में बाबा श्याम का भोग एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार पदयात्रा 17 मार्च को प्रारंभ होकर 26 मार्च को सम्पन्न हुई थी। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा श्याम की विधिवत पूजा-अर्चना एवं भोग लगाकर की गई। इसके बाद पदयात्रा में सेवा देने वाले सेवाभावी भामाशाहों एवं पैदल यात्रियों का श्याम परिवार रोपा की ओर से सम्मान किया गया। इसी क्रम में शाम को चारभुजा बड़ा मंदिर प्रांगण में भव्य बाबा श्याम कीर्तन का आयोजन हुआ। कीर्तन में श्रद्धालु देर रात तक बाबा श्याम के भजनों पर झूमते नजर आए। भजन गायक अशोक चौबदार, सत्यनारायण प्रजापत, बालकृष्ण मालू, गणेश बहेडिया, गोविंद मालू, गोपाल प्रजापत एवं राधेश्याम पारीक ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि पदयात्रा केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और भाईचारे का संदेश भी देती है। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।